# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 30 अगस्त 2025








GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

**Rajasthan Current Affairs**

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में कब से मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान शुरू किया जाएगा?

(A) 02 अक्टूबर
(B) 25 सितंबर
(C) 05 सितंबर
(D) इनमें से कोई नही

*राजस्थान में तीसरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की पढ़ने और समझने की क्षमता को विकसित करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान शुरू किया जाएगा।*

*इस अभियान की शुरूआत 5 सितंबर से होगी। इसमें विभाग ने 90 दिन की कार्य योजना तैयार की है, जिसके आधार पर कमजोर बच्चों को पढ़ाया जाएगा।*

*इस अभियान का समापन 5 दिसंबर होगा। इस बीच लगातार 12 सप्ताह तक क्रमवार शिक्षण कार्य कराया जाएगा*

*अभियान में उन बच्चों की पढ़ाई की कमजोरी दूर की जाएगी, जिनको विभाग के शाला संबलन व एआई आधारित ओआरएफ में अपनी कक्षा के अनुसार पढ़ने में समर्थ नहीं थे।*

**Yesterday Revision**

⭕. राजस्थान की बॉयज टीम ने किस टीम को हराकर 44वीं सब जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल चैम्पियनशिप का खिताब जीता है?- **पंजाब**

⭕. हाल ही में भारत में विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी दुर्लभ जंगली बिल्ली 'कैराकल राजस्थान के किस टाइगर रिजर्व में देखी गई है?-**धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व**

⭕. एक पेड़ माँ के नाम अभियान' में राजस्थान ने देश भर में कौनसा स्थान हासिल किया है?- **दूसरा**

⭕. जयपुर की अल्का बत्रा थाईलैंड-पटाया में होने वाले 'BWF वर्ल्ड सीनियर चैंपियनशिप' में किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी?-**बैडमिंटन**

⭕. हाल ही में भारत में पहली बार मिला फाइटोसौर (एक प्रकार की छिपकली) के जीवाश्म राजस्थान के किस जिले में है?- **जैसलमेर**

01. राजस्थान से किसे वर्ष 2023 के लिए मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा प्रदत्त अखिल भारतीय आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?



(A) डॉ. राजेश कुमार व्यास

(B) डॉ. सवाई सिंह गहलोत

(C) डॉ. अनुराग व्यास

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- बीकानेर के डॉ. राजेश कुमार व्यास को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पुरस्कार मिला
- मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा प्रदत्त अखिल भारतीय आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पुरस्कार से सम्मानित।
- भोपाल में आयोजित विशेष समारोह में पुरस्कार प्रदान किया गया।
- वर्ष 2023 के लिए घोषित यह पुरस्कार उनकी कृति 'कलाओं की अंतर्दृष्टि' पर प्रदान।
- हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) जयपुर के कुलगुरु प्रो. नंद किशोर पांडेय को भी उनकी चर्चित पुस्तक 'भारत बोध और भक्ति कविता' के लिए अखिल भारतीय आचार्य रामचंद्र शुक्ल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

02. राजस्थान में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर राजस्थान में भी खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन किए जाने की घोषणा किसने की है?

(A) भजनलाल शर्मा

(B) दीया कुमारी

(C) ओम बिड़ला

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने खेल जगत में नई पहल करते हुए 'खेलो इंडिया' की तर्ज पर 'खेलो राजस्थान' योजना शुरू की है।
- इस योजना के तहत खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर राजस्थान में भी खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन किया जाएगा
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा खेल दिवस पर इसकी घोषणा की गई है
- राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी जिससे युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और खेलों में प्रतिभा निखरकर सामने आएगी।
- राजस्थान इस नवंबर में जयपुर में पाँचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG) 2025 की मेज़बानी करने वाला है। इस खेल आयोजन से प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को, राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

03. हाल ही में राजस्थान के बीकानेर में स्थित स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु का अतिरिक्त कार्यभार किसने ग्रहण किया है?

(A) प्रो. अमेरिका सिंह

(B) प्रो. अखिल रंजन गर्ग

(C) प्रो. राजेश यादव

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- प्रो. अखिल रंजन गर्ग (कुलगुरु, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय) ने स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलगुरु का अतिरिक्त कार्यभार संभाला।
- प्रो. अरुण कुमार (कुलगुरु, स्वामी केशवानंद कृषि विवि बीकानेर) को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पद से हटाया।
- बागडे द्वारा जारी आदेशों के अंतर्गत डॉ. अरुण कुमार के विरूद्ध विभिन्न गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई थीं.
- इससे पहले जेएनवीयू के कुलगुरु प्रोफेसर के एक श्रीवास्तव को भी हटाया जा चुका है. डॉ अरुण कुमार सहित राज्यपाल अब तक तीन कुलगुरुओं को हटा चुके हैं.

04. राजस्थान में राज्य स्तरीय रंगीला रत्न अवार्ड 2025 से किसे नवाजा गया है?

(a) पारूल सिंह

(b) बसंती कुमावत

(c) रूमा देवी

(d) इनमें से कोई नही




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- बीकानेर की साइकिल धावक बसंती कुमावत को राज्य स्तरीय रंगीला रत्न अवार्ड 2025 से नवाजा गया है
- सम्मान समारोह खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को नाल रोड साइक्लिंग अकादमी, बीकानेर में आयोजित हुआ।
- बसंती कुमावत ने हाल ही में एशियन साइक्लिंग प्रतियोगिता में भारत को कांस्य पदक दिलाया।
- खेल लेखक स्व. झंवरलाल व्यास रंगीला की स्मृति में प्रतिवर्ष यह अवार्ड प्रदान किया जाता है

05. हाल ही में योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 24वीं राजस्थान राज्य योगा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन कहां किया गया?

(A) भीलवाड़ा में

(B) अजमेर में

(C) कोटा में

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में भीलवाड़ा में 24वीं राज्य योगा स्पोर्ट्स चैंम्पियनशिप का आयोजन किया गया

⭕ 24वीं राजस्थान राज्य योगा स्पोर्ट्स चैंम्पियनशिप का आयोजन 23-24 अगस्त 2025 को भीलवाड़ा के हरणी महादेव में सफलतापूर्वक किया गया, इसमें प्रदेश के 22 जिलों से 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

✅ 8-10 आयु वर्ग (बालक) स्वर्ण – हृदयान्श जैन
✅ 8-10 आयु वर्ग (बालिका) स्वर्ण – डेल्ज़ा कंवर
✅ 45 वर्ष से ऊपर (पुरुष) स्वर्ण – विजय कुमार गुप्ता
✅ 45 वर्ष से ऊपर (महिला) स्वर्ण – सुमन यादव

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**06. राजस्थान के युवा निशानेबाजों ने कजाकिस्तान में 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में कितने गोल्ड मेडल जीते हैं?**

**(A) 09**

**(B) 02**

**(C) 04**

**(D) इनमें से कोई नही**

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान के युवा निशानेबाजों ने सिमकेंट, कजाखस्तान में चल रही 16वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में 4 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते।कजाकिस्तान में 24 से 27 अगस्त तक आयोजित
- उद्धव सिंह राठौड़ ने जूनियर ट्रैप टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीता।
- 50 मीटर फ्री पिस्टल में अभिनव चौधरी और उमेश चौधरी ने जूनियर टीम का गोल्ड मेडल जीता।
- कुशाग्र राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन जूनियर टीम इवेंट में गोल्ड पर निशाना साधा।
- 50 मीटर फ्री पिस्टल सीनियर कैटेगरी में योगेश कुमार ने सिल्वर पर निशाना साधा।

**07. मुंबई में फॉर्चुना ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स-2025 में राजस्थान से किसे इंडियाज बेस्ट विजुअल मर्चेंडाइजर' अवॉर्ड मिला है?**

(A) राजेश मीणा

(B) विवेक भदोरिया

(C) अनुराग एस

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- जयपुर के विजुअल मर्चेंडाइजर अनुराग एस को 'इंडियाज बेस्ट विजुअल मर्चेंडाइजर' अवॉर्ड मिला।
- यह सम्मान उन्हें मुंबई में फॉर्चुना ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स-2025 में दिया गया। इस अवॉर्ड कैटेगरी में 40 हजार से अधिक एंट्रीज मिली थीं।
- अनुराग इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2024 में भी नाम दर्ज करवा चुके हैं। वे पेंसिल बॉक्स डिजाइन कंसल्टेंसी के फाउंडर हैं।
- विजुअल मर्चेंडाइजर पर इनकी 3 किताबें पब्लिश हो चुकी हैं।

08. राजस्थान में नई भूमि आवंटन नीति–2025 लाए जाने हेतु किसके द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है?

(a) भजनलाल शर्मा

(b) ओम बिड़ला

(c) हरिभाऊ बागड़े

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 23 अगस्त को सीएमओ (CMO) में राजस्थान की कैबिनेट बैठक आयोजित की गई है, जिसमें विधानसभा के आगामी सत्र पर चर्चा से लेकर कई अहम फैसले हुए हैं
- भूमि आवंटन की स्पष्ट नीति पर कैबिनेट ने बड़ा फैसला लिया है.
- सरकार भूमि आवंटन नीति–2025 लाई जाएगी. किसी भी उद्देश्य के लिए भूमि आवंटन में निष्पक्षता होगी. इससे आवंटन में पारदर्शिता आएगी
- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, समाचार पत्र, कंपनियों को भूमि आवंटन के प्रावधान किया गया है। डीएलसी रेट की 25% दर पर भूमि आवंटित की जाएगी, 2015 की नीति में संशोधन करके नई नीति बनाई जाएगी।

**09. संयुक्त राज्य अमेरिका ने कब से भारतीय वस्तुओं के निर्यात की एक विस्तृत श्रृंखला पर 50% टैरिफ लगा दिया है?**

(A) 25 अगस्त

(B) 26 अगस्त

(C) 27 अगस्त

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ संयुक्त राज्य अमेरिका ने 27 अगस्त, 2025 से भारतीय वस्तुओं के निर्यात की एक विस्तृत श्रृंखला पर 50% टैरिफ लगा दिया है।

⭕ इस कदम में जुलाई 2025 में घोषित 25% टैरिफ और अगस्त 2025 में भारत द्वारा रूसी तेल और रक्षा आयात की खरीद से जुड़ा अतिरिक्त 25% 'पेनल्टी टैरिफ' शामिल है।

⭕ प्रमुख क्षेत्रों में वस्त्र, परिधान, रत्न और आभूषण, झींगा, कालीन, चमड़ा और फर्नीचर शामिल हैं


10. हर साल देश में राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?

(A) 25 अगस्त

(B) 27 अगस्त

(C) 29 अगस्त

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती 29 अगस्त को हर साल देश में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है।
- खेलों के महत्व को याद दिलाने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2012 से यह मनाया जाता आ रहा है।
- इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 समारोह का नेतृत्व 'फिट इंडिया मिशन' की ओर से किया जाएगा।
- इसे 29-31 अगस्त तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी खेल एवं फिटनेस आंदोलन के रूप में आयोजित किया जाएगा,
- राष्ट्रीय खेल दिवस विषय 'एक घंटा, खेल के मैदान में' होगा।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में भारत में विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी दुर्लभ जंगली बिल्ली 'कैराकल राजस्थान के किस टाइगर रिजर्व में देखी गई है?**

(A) धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व

(B) कुंभलगढ़ टाइगर रिजर्व

(C) सरिस्का टाइगर रिजर्व

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine